कोटद्वार, शनिवार
31 जनवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 249 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### कंपनी की दो महिला निदेशकों में मारपीट, केस दर्ज

देहरादून। पटेलनगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक संस्थान में दो महिला निदेशकों (पार्टनर) के बीच जमकर मारपीट और गाली–गलौज हुई। विवाद इतना बढ़ा कि मामला थाने पहुंच गया। जहां दोनों पक्षों ने एक–दूसरे के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पटेलनगर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि विवाद ड्रीम एड्यू विजन की प्रबंध निदेशक स्मिता गुप्ता और सपना राय के बीच हुआ। स्मिता गुप्ता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी पार्टनर सपना राय पिछले कुछ समय से स्टाफ के काम में हस्तक्षेप कर रही थीं। 27 जनवरी को सपना अपनी बहन सभ्यता थापा के साथ कार्यालय पहुंचीं और एचओडी चंद्रमोहन को धमकाने लगीं। विरोध करने पर सपना ने स्मिता का गला दबा दिया और उनके बाल इतनी बेरहमी से खींचे कि सिर के काफी बाल उखड़ गए। घटना की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। वहीं सपना राय ने आरोप लगाया कि स्मिता गुप्ता, उनके पति विकास कुमार पुत्र अक्षत और पिता सुशील कुमार ने योजनाबद्ध तरीके से उन पर हमला किया। सपना का दावा है कि जब उन्होंने ऑफिस पासवर्ड और लैपटॉप टूटने की बात पूछी तो स्मिता ने उन्हें गाली देते हुए सीने पर मुक्के मारे। साथ ही विकास कुमार ने उनके हाथ मरोड़ दिए और देहरादून छोड़ने की धमकी देते हुए जान से मारने का प्रयास किया। इंस्पेक्टर अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों ने मारपीट और मेडिकल रिपोर्ट पेश की है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज और स्टाफ के बयानों के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

### सात घंटे के भीतर लापता युवती सकुशल बरामद

अल्मोड़ा। कोतवाली द्वाराहाट पुलिस और एसओजी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से लापता हुई एक युवती को सात घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार 29 जनवरी 2026 को द्वाराहाट क्षेत्र निवासी अर्जुन सिंह ने डायल 112 पर सूचना दी कि उनकी 23 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वाराहाट विनोद जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल खोजबीन शुरू कर दी। संभावित स्थानों पर तलाश और सुरागरसी के बाद मोहान चेक पोस्ट क्षेत्र से युवती को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। तलाश अभियान में प्रभारी एसओजी सुनील धानिक के नेतृत्व में एसओजी टीम ने भी सहयोग किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक भगवान सिंह, हेड कांस्टेबल चंद्रप्रकाश और कांस्टेबल रामेश्वर सिंह शामिल रहे। युवती के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया।

### अज्ञात वाहन ने राहगीर को कुचला, मौत

रुद्रपुर। काशीपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने राहगीर को कुचल दिया। हादसे में राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शुक्रवार सुबह करीब चार से पांच बजे के बीच एक व्यक्ति पैदल ही काशीपुर हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राहगीर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसा इतना भीषण था कि शव बुरी तरह क्षत–विक्षत हो गया। किसी राहगीर ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर एसआई चंदन बिष्ट और एएसआई नवीन जोशी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि मृतक का शव अत्यधिक क्षत–विक्षत है। उसकी शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्रों में लापता व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि : राष्ट्रपति, पीएम ने राजघाट जाकर श्रद्धांजलि दी

## राहुल गांधी बोले–महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं




नई दिल्ली , राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 78वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत कई बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। क्करू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर मेरा शत–शत नमन। पूज्य बापू का हमेशा स्वदेशी पर बल रहा, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के हमारे संकल्प का भी आधारस्तंभ है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। राहुल गांधी ने कहा महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं – वह सोच जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी एक नफ़रत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की।मगर राष्ट्रपिता ने हमें आज़ादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताक़त से बड़ी सत्य की शक्ति होती है – और हिंसा व भय से बड़े अहिंसा और साहस।यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं।बापू को उनके शहीदी दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।

### पीटी उषा के पति का निधन, पीएम मोदी ने जताई संवेदना

कोझिकोड , राज्यसभा सदस्य और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन से देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीटी उषा से बात की और उन्हें सांत्वना दी है। पीएम मोदी ने कहा कि इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं और वह दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी वी. श्रीनिवासन के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने एक पोस्ट में कहा, राज्यसभा सांसद और इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पी.टी. उषा के पति वी. श्रीनिवासन के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। पी.टी. उषा और उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इस मुश्किल समय में ईश्वर से हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं। जानकारी के मुताबिक, 67 साल के श्रीनिवासन सुबह अपने घर पर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। वी. श्रीनिवासन केंद्र सरकार में कर्मचारी रहे थे। श्रीनिवासन का पीटी उषा के शानदार खेल और राजनीतिक करियर में बड़ा योगदान रहा है।

# मुख्यमंत्री द्वारा अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए रू. 195 करोड़ की धनराशि की मंजूरी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क सुरक्षा, सौंग बांध निर्माण, आपदा राहत, सी.एम.घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण स्वीकृतियाँ प्रदान करते हुए इन योजनाओं के लिए लगभग रू. 195 करोड़ की धनराशि जारी करने का अनुमोदन प्रदान किया है। सड़क सुरक्षा अनुरक्षण तथा सौंग बांध पेयजल परियोजना हेतु रू. 176.91 करोड़ की धनराशि स्वीकृतः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्माणाधीन सौंग बांध पेयजल परियोजना के अवस्थापना निर्माण कार्यों हेतु रू. 103.80 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही रअरउक योजना के अंतर्गत सड़क सुरक्षा अनुरक्षण मद हेतु रू. 73.11 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।



नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन हेतु तकनीकी सुदृढ़ीकरण के लिए रू. 09.13 करोड़ की मंजूरी : मुख्यमंत्री धामी द्वारा राज्य में नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में वर्चुअल कंप्यूटर लैब की स्थापना और फॉरेंसिक वर्कस्टेशन बनाने की महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत सभी जनपदों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में वर्चुअल कंप्यूटर लैब की स्थापना हेतु रू. 04.83 करोड़ तथा फॉरेंसिक वर्कस्टेशन के लिए आवश्यक हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस की खरीद हेतु रू. 4.30 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। धराली आपदा के प्रभावितों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से रू. 6.67 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृतः मुख्यमंत्री ने जनपद उत्तरकाशी की तहसील भटवाड़ी अंतर्गत ग्राम धराली में दिनांक 5 अगस्त को आई प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवनों के प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल रू. 66096800– (रुपये छह करोड़ साठ लाख छियानवे हजार आठ सौ मात्र) की धनराशि स्वीकृत की है। उक्त आपदा से धराली, मुखवा एवं हर्षिल क्षेत्रों में कृषि भूमि को हुई क्षति के लिए भी 64 प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से अतिरिक्त राहत राशि के रूप में कुल रू. 672024– (रुपये छह लाख बहत्तर हजार चौबीस मात्र) की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इन स्वीकृतियों से संबंधित शासनादेश भी जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए रू. 2.21 करोड़ की धनराशि स्वीकृतः मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित नौ योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री द्वारा रू. 2.21 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिनसे संबंधित शासनादेश भी तत्काल निर्गत कर दिए गए हैं। जारी स्वीकृतियों में जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र पुरोला के अंतर्गत रूपिन राजि के अंतर्गत धौला से इस्त्रागाड़–चांगशील पर्यटन मार्ग के मरम्मत कार्य हेतु रू. 43.99 लाख की धनराशि अनुमोदित की गई है। इसके अतिरिक्त जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के विकासखंड मुनस्यारी में धापा से क्वीरी तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य हेतु रू. 54.77 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है।

# बीएलओ आउटरीच अभियान के पहले चरण में प्रदेश के 75 % मतदाताओं की मैपिंग पूरी

**1 फरवरी से बीएलओ आउटरीच अभियान के दूसरे चरण की होगी शुरूआत, 2003 की मतदाता सूची से की जाएगी वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग,युवा एवं महिला मतदाताओं की मैपिंग पर होगा विशेष फोकस**

देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य में प्री एसआईआर गतिविधियां सम्पादित की जा रही हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशन मे बीएलओ आउटरीच अभियान के तहत प्रदेश में प्रत्येक मतदाता तक पंहुच, समन्वय और संवाद स्थापित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पहले चरण में प्रदेश के 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्रदेश में सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में बीलएओ, ईआरओ सहित पूरी इलेक्शन मशीनरी ने बेहद उत्साहपूर्वक तरीके से 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ आउटरीच अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत 1 फरवरी से की जा रही है। इस अभियान में प्रदेश के युवा एवं महिला



मतदाताओं पर विशेष फोकस रहेगा। आउटरीच अभियान के दूसरे चरण को 15 फरवरी 2026 तक सम्पादित किया जाएगा।

**"आसानी से सर्च कर सकते हैं 2003 की मतदाता सूची में नाम"**

: अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्री एसआईआर फेज में प्रदेश की वर्तमान मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं की 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा रही है। उन्होंने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि वे इस अभियान में अपने बीएलओ का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड की आधिकारिक वेबसाइट्टीङ्ग:४'.ॠङ्ग५.ल्ल पर उपलब्ध है, जहां मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र, अपने तथा अपने पिता/पति के नाम के आधार पर मतदाता क्रमांक एवं बूथ संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही गली, मोहल्लों और एरिया के नाम से भी मतदाता सूची खोजने की सुविधा प्रदान की गई है।

**राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से बीएल नियुक्त करने की अपील**

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ० विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से अपने–अपने बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) नियुक्त करने की अपील की गई थी। वर्तमान में प्रदेश के 12070 बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने राजनैतिक दलों से शतप्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील की है।

### खत्म होगा रूस–यूक्रेन युद्ध !, पुतिन ने जेलेंस्की को शांति वार्ता के लिए मॉस्को आने का दिया न्योता

मॉस्को ,रूस ने अमेरिका की मध्यस्थता में यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के प्रयासों के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को शांति वार्ता के लिए मॉस्को आने का निमंत्रण दिया है। क्रेमलिन ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। दोनों देशों के बीच यह संघर्ष लगभग चार वर्षों से जारी है।

क्रेमलिन ने यह भी बताया कि रूस और यूक्रेन ने युद्ध में मारे गए सैनिकों की अदला–बदली का एक और चरण पूरा कर लिया है। हालांकि, ऊर्जा ढांचे पर हमले रोकने को लेकर किसी संभावित सहमति पर रूस ने टिप्पणी करने से इनकार किया। पिछले सप्ताहांत अबूधाबी में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत से शांति प्रयासों को कुछ गति मिली है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच मतभेद अब भी बने हुए हैं। मोर्चे पर लड़ाई जारी है और हालिया मिसाइल हमलों के कारण यूक्रेन को गंभीर बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है।

एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, राष्ट्रपति जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक की संभावना बढ़ी है। रविवार को अबूधाबी में दोनों देशों के वार्ताकारों की अगली बैठक प्रस्तावित है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि शांति प्रक्रिया में सकारात्मक प्रगति हो रही है, हालांकि क्षेत्रीय नियंत्रण और युद्ध के बाद की व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सहमति अभी दूर है।

# अब कौन संभालेगा अजित दादा की विरासत? पार्टी में मंथन शुरू

मुंबई ,बारामती प्लेन क्रैश में अजित पवार के निधन के बाद अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के भविष्य को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। पार्टी के भविष्य के साथ–साथ अजित पवार के बदले सरकार में डिप्टी सीएम की जिम्मेदारी कौन संभालेगा, इसको लेकर भी चर्चा हो रही है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से कई नेताओं ने मुलाकात की है। राजनीतिक हलकों में इस संभावित उत्तराधिकार को लेकर दो नाम सबसे आगे बताए जा रहे हैं अजित पवार की पत्नी एवं राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार और उनके ज्येष्ठ पुत्र पार्थ पवार।

**क्या पवार परिवार से ही आएगा अगला प्रत्याशी?**

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बारामती सीट पर पवार परिवार का प्रभाव इतना गहरा है कि यदि कभी उपचुनाव जैसी स्थिति बनती है, तो पार्टी परिवार के ही किसी सदस्य को मैदान में उतार सकती है। ऐसे में जीत की संभावना भी मजबूत मानी जाती है। सवाल सिर्फ इतना है कि परिवार किस चेहरे पर भरोसा जताता है। पिछले तीन



वर्षों में पवार परिवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राजनीति में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। जुलाई 2023 में अजित पवार द्वारा पार्टी में अलग राह चुनने और बड़ी संख्या में विधायकों को अपने साथ लाने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में नए समीकरण बने।

**बारामती की राजनीति और बदलते समीकरण**

बारामती संसदीय क्षेत्र में जहां सुनेत्रा पवार को हार का सामना करना पड़ा, वहीं इसके कुछ ही महीनों बाद हुए विधानसभा चुनाव में अजित पवार ने आठवीं बार जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ साबित की। उस चुनाव में उनके मुकाबले शरद पवार ने अपने भतीजे युगेंद्र पवार को मैदान में उतारा था। अब जब भविष्य की राजनीति को लेकर चर्चा हो रही है, तो समर्थकों का एक वर्ग चाहता है कि सुनेत्रा पवार को विधानसभा राजनीति में लाया जाए, जबकि दूसरा वर्ग पार्थ पवार को अगली पीढ़ी के प्रतिनिधि के रूप में देखना चाहता है।

**सुनेत्रा बनाम पार्थ आखिर कौन ज्यादा मजबूत?**

सुनेत्रा पवार फिलहाल राज्यसभा की सदस्य हैं और राष्ट्रीय राजनीति का अनुभव रखती हैं। वहीं पार्थ पवार 2019 में मावल लोकसभा सीट से चुनाव हारने के बाद सक्रिय चुनावी राजनीति से दूर हैं। हालांकि, समर्थकों का मानना है कि यह मौका उनकी राजनीतिक वापसी और महत्वाकांक्षा को नई दिशा दे सकता है। सूत्रों के अनुसार, पवार परिवार के भीतर बदले समीकरणों के चलते इस बार शरद पवार और सुप्रिया सुले का झुकाव भी पार्थ पवार की ओर हो सकता है।

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी

## फैसला सुरक्षित, कोर्ट ने फर्जी नसबंदी के आंकड़ों पर जताई हैरानी

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में आवारा कुत्तों की समस्या से जुड़ी याचिकाओं पर महत्वपूर्ण सुनवाई करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद वकीलों को एक हफ्ते के भीतर अपनी लिखित दलीलें जमा करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने नसबंदी के आंकड़ों में फर्जीवाड़े और फंड की हेराफेरी की ओर भी इशारों में सख्त टिप्पणी की है।

**हाईवे पर जानवरों की फोटो अपलोड करने के लिए बनेगा ऐप**

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया को एक



अहम सुझाव दिया। पीठ ने कहा कि हाईवे पर आवारा जानवरों की मौजूदगी हादसों का सबब बनती है, इसलिए एक ऐसा मोबाइल ऐप बनाना चाहिए जिस पर आम लोग जानवर दिखने पर उसकी फोटो खींचकर अपलोड कर सकें। इससे विभाग के पास लोकेशन के साथ विजुअल्स पहुंच जाएंगे और कार्रवाई आसान होगी। कोर्ट के इस सुझाव पर वकील ने सहमति जताते हुए कहा कि वे जल्द ही ऐसा करेंगे।

**सिर्फ 76 सेंटर मान्य, पर राज्यों के कागजों में चल रहे 883 केंद्र**

मामले की सुनवाई के अंतिम दौर में एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया के वकील ने बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि देश में बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त नसबंदी केंद्रों की संख्या महज 76 है, जबकि विभिन्न राज्यों के आंकड़ों में दावा किया गया है कि 883 सेंटर चल रहे हैं। इसका सीधा मतलब है कि सैकड़ों केंद्र या तो बिना मान्यता के चल रहे हैं या फिर सिर्फ कागजों पर मौजूद हैं। वकील ने बताया कि 250 से ज्यादा आवेदन अभी भी पेंडिंग हैं।

**कुत्ते कम और नसबंदी ज्यादा? कोर्ट ने पकड़ी 'फंड् की धांधली**

आंकड़ों में विसंगति का जिक्र करते हुए वकील ने उत्तराखंड का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि वहां कुत्तों की आबादी कम है, लेकिन नसबंदी के आंकड़े कुत्तों की कुल संख्या से भी ज्यादा दिखाए गए हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने तंज कसते हुए टिप्पणी की कि इसके कारण बिल्कुल साफ हैं। हर कोई जानता है कि इसके पीछे क्या वजह (फंड/ग्रांट) है। जब वकील ने कहा कि इस पर जितना कम कहा जाए, उतना अच्छा है, तो कोर्ट ने भी सहमति जताते हुए कहा, हां, कम कहना ही बेहतर है।

**अस्पष्ट हलफनामों पर राज्यों को फटकार**

इससे पहले की सुनवाई में कोर्ट ने कई राज्यों द्वारा दायर किए गए अस्पष्ट हलफनामों पर कड़ी नाराजगी जताई थी। आज की सुनवाई में कुत्ता मालिकों, डॉग बाइट के शिकार पीड़ितों, पशु अधिकार कार्यकर्ताओं और केंद्र व राज्य सरकारों के वकीलों ने अपना पक्ष रखा। अंत में कोर्ट ने निर्देश दिया कि जो भी आवेदन पेंडिंग हैं, उन्हें एक तय समय सीमा के भीतर प्रोसेस किया जाए–चाहे उन्हें मंजूरी दें या खारिज करें, लेकिन लटका कर न रखें।

### एक बार फिर बदलेगा मौसम, बारिश–आंधी से गिरेगा तापमान

नई दिल्ली ,। एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने जा रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 31 जनवरी और 1 फरवरी को तेज बारिश, गरज–चमक और तेज सतही हवाओं का असर देखने को मिलेगा। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे ठंड का असर एक बार फिर बढ़ सकता है।

मौसम पूर्वानुमान रिपोर्ट के मुताबिक 30 जनवरी को एनसीआर में मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा। इस दिन अधिकतम तापमान लगभग 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जाएगा। 31 जनवरी को मौसम और ज्यादा सक्रिय रहने वाला है।

दिन की शुरुआत मध्यम से घने कोहरे के साथ होगी, जबकि शाम और रात के समय गरज–चमक के साथ बारिश, बिजली गिरने और तेज सतही हवाओं की संभावना जताई गई है।

# दो महिला समेत चार लोगों की मौत

## मरने वालों के शव कार से चिपक गए

ग्वालियर , मध्य प्रदेश के ग्वालियर में घने कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसा हुआ। कार और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर फरार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। यह पूरा मामला महाराजपुरा थाना क्षेत्र का है। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के ग्वालियर भिंड हाईवे के बरैठा रोड पर सुबह बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां ग्वालियर से मालनपुर की तरफ जा रहे एक ट्रक ने भिंड से ग्वालियर की तरफ आ रही एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे को होता देख राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन जब तक ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़ फरार हो गया।पुलिस ने ट्रक को जब्त कर क्रेन की मदद से थाने पहुंचा दिया। पुलिस जांच पड़ताल में पता चला कि चारों मृतक भिंड जिले के रहने वाले हैं और सभी अलग–अलग परिवार के हैं। जिसकी सूचना पुलिस ने चारों मृतकों के परिवारों को दी और चारों के शवो को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। कार चालक 24 साल का सौरव शर्मा निवासी मोरेली मेहंगाव का रहने वाला है और आज उसका ग्वालियर पॉलिटेक्निक कॉलेज में पेपर था। इसलिए वहां आज सुबह अपने भाई कृष्ण दत्त शर्मा की कार लेकर घर से निकला था। तभी उसके पास में रहने वाली परिचित उमा राठौर (45) ग्वालियर जाने के लिए सौरभ की कार में बैठकर सवार हो गई।

**अमेरिका वेनेजुएला के ऊपर कमर्शियल एयरस्पेस खोलेगा**

# ट्रंप बोले–दोनों देशों के बीच नए संबंधों के दौर की होगी शुरुआत

वाशिंगटन , अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका वेनेजुएला के ऊपर कमर्शियल एयरस्पेस फिर से खोलने जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच संबंधों के एक नए दौर की शुरुआत हो रही है, जिसमें अमेरिकी तेल कंपनियां वेनेजुएला में काम के मौके तलाश रही हैं।

ट्रंप ने कैबिनेट मीटिंग में कहा कि उन्होंने वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति से बात की है और यात्रा बहाल करने के लिए तुरंत कदम उठाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के ऊपर पूरा व्यावसायिक हवाई क्षेत्र खोला



जाएगा और बहुत जल्द अमेरिकी नागरिक वहां जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि वहां जाने वाले यात्री सुरक्षित रहेंगे। ट्रंप के अनुसार, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। ट्रंप ने बताया कि अमेरिका में रहने वाले वेनेजुएलावासी इस फैसले को ध्यान से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि मियामी के डोरल इलाके में, जिसे 'लिटिल वेनेजुएलाझ् कहा जाता है, लोग इस फैसले से बहुत खुश हैं। यह बदलाव एक सफल सुरक्षा अभियान और बेहतर होते रिश्तों का नतीजा है। ट्रंप ने इस काम के लिए जनरल केन और उनकी टीम की तारीफ भी की। उन्होंने इस बदलाव को एक सफल सुरक्षा ऑपरेशन और बेहतर होते संबंधों से जोड़ा।

### महिला ने कश्मीरी छात्रों पर छेड़खानी के लगाए आरोप

विकासनगर। कश्मीरी छात्रों से मारपीट का मामला में आरोपी की पत्नी रीना यादव ने युवकों पर लगाया छेड़खानी का आरोप लगाया। कहा कि जब वह दुकान पर आए तो उन्होंने उसके लिए गंदे इशारे किए। विरोध करने पर उसका हाथ पकड़कर खींचने लगे।

महिला के पति आए तो दोनों ने उनके पति के साथ भी मारपीट की। कहा घटना के दिन भी उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन उनकी तहरीर नहीं ली गई। शुक्रवार को रीना यादव ने कोतवाली में तहरीर दी। कहा कि जब तक उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं होता। उनके पति के खिलाफ दर्ज धाराएं नहीं हटती, वह कोतवाली में ही डटी रहेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एकतरफा करवाई की है।

# मशहूर अभिनेत्री और उनके पति की मुश्किलें बढ़ी

## 11.5 करोड़ की ठगी के मामले में एफआईआर दर्ज

मुंबई ,भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री आकांक्षा अवस्थी और उनके पति पर 11.5 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। मुंबई के पंतनगर पुलिस स्टेशन में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित हितेश कांतिलाल अजमेरा सीमा शुल्क निकासी के व्यवसाय से जुड़े हैं, उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि आकांक्षा अवस्थी, उनके पति विवेक कुमार उर्फ अभिषेक कुमार सिंह चौहान और साथियों ने फिल्म इंडस्ट्री में मजबूत कनेक्शन और भारी मुनाफे का लालच देकर पीड़ित से पैसे ऐंठे।



शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने खुद को फिल्म इंडस्ट्री में प्रभावशाली बताया। अभिनेत्री आकांक्षा ने अंधेरी (पश्चिम) में स्थित अपने फिल्म स्टूडियो 'एकेएस पाठशाला एंटरटेनमेंटझ् का दावा किया, जहां भोजपुरी फिल्मों की शूटिंग और नए कलाकारों की ट्रेनिंग होती है। उन्होंने स्टूडियो के मालिकाना हक, शोहरत और 200 करोड़ रुपए के ब्याज–मुक्त लोन का वादा किया। यही नहीं, अभिनेत्री के पति विवेक कुमार ने बिहार के बेतिया (पश्चिम चंपारण) में एक गोदाम में 300 करोड़ रुपए नकद फंसे होने की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि कानूनी कारणों से पैसा नहीं निकाला जा सकता और उसे छुड़ाने के लिए निवेश चाहिए। बदले में चार दिन में 200 करोड़ रुपए बिना ब्याज लौटाने का भरोसा दिया गया। इसके लिए अभिनेत्री ने खुद पीड़ित को आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार, मार्च से जुलाई 2024 के बीच पीड़ित ने अलग–अलग बैंक खातों में कुल 11.5 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। भरोसा मजबूत करने के लिए उन्हें पटना ले जाया गया और कथित गोदाम से जुड़े दस्तावेज दिखाए गए।

## सम्पादकीय

# धर्म की आड़ में मारपीट

उत्तराखंड राज्य में हाल के दिनों में कुछ ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं जिसने यह साबित कर दिया है कि धर्म की आड़ में कुछ भी किया जा सकता है। हालांकि धार्मिक सौहार्द को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ संभ्रांत लोग सामने भी आए हैं। उत्तराखंड में बाहरी लोगों की बढ़ती तादात शासन–प्रशासन और क्षेत्रीय लोगों के लिए एक बड़ी चुनौती बन रही है। पिछले कुछ समय में मैदानी क्षेत्र के साथ–साथ पर्वतीय क्षेत्र में ऐसे संदिग्ध लोगों की तादाद काफी संख्या में बढ़ गई है जो इससे पहले कभी भी उत्तराखंड में नजर नहीं आते थे। मैदानो में तो ऐसे बाहरी लोगों की भरमार ही गई है लेकिन पहाड़ों में भी अब यह संख्या काफी बढ़ गई है। पहाड़ों में जिस प्रकार से एक खास वर्ग के लोगों ने अपने ठिकाने बना लिए हैं और व्यापार कर रहे हैं, उस पर नजर रखनी जरूरी है पिछले कुछ समय में स्थानीय लोगों के साथ हुई घटनाओं के बाद जरूर अब इस दिशा में सरकार द्वारा कार्रवाई करने का प्रयास किया जा रहा है। उधर स्थानीय लोग भी बाहरी लोगों के आने के बाद सचेत हो रहे हैं और ऐसे कई प्रकरण सामने आए हैं जहां स्थानीय लोगों ने बाहर से आए लोगों को अपने क्षेत्र से बाहर भगाया। चिंता की बात यह है कि यह लोग पहले सीमित संख्या में आते हैं और उसके बाद सरकारी भूमि या सड़क किनारे ही अवैध कब्जे कर धीरे–धीरे अपनी संख्या बढ़ाते रहते हैं। छोटी मोटी फेरी लगाने का काम भी इनके द्वारा किया गया है लेकिन बात करें ऐसे लोगों के सत्यापन की तो इस दिशा में स्थानीय पुलिस की भूमिका भी कोई बहुत सक्रिय नहीं है। पहाड़ों में पिछले कुछ समय में ऐसी कई घटनाएं प्रकाश में आई है जिसमें ऐसे बाहरी लोगों के द्वारा आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया गया। स्थानीय लोगों द्वारा भी ऐसे कई दूसरे समुदाय के लोगों को बिना जांच पड़ताल के अपने घर व दुकान किराए पर दे दिए गए हैं जो कई बार संदिग्ध तौर पर पहाड़ों में अपनी पहचान छुपाने के लिए ठिकाने ढूंढने आए हैं। यहां स्थानीय पुलिस की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि जब तक बाहरी लोगों के सत्यापन की कार्रवाई गंभीरता के साथ नहीं की जाएगी तब तक संदिग्ध लोगों की संख्या कम होने वाली नहीं है। यहां स्थानीय लोगों को भी सचेत होना पड़ेगा कि उनके आसपास ऐसी कौन लोग बस रहे हैं जो आज से पहले ना तो पहाड़ों मैं नजर आए या फिर भौगोलिक तथा स्थानीय बोलचाल से कहीं भिन्न है। इस गंभीर समस्या से निपटने का समाधान स्थानीय प्रशासन एवं क्षेत्रीय लोगों को ही निकलना होगा अन्यथा वह दिन भी दूर नहीं जब पहाड़ों की शांत अबू हवा में अपराधी के घटनाओं के साथ–साथ संदिग्ध लोगों की आवाजाही भी खुलेआम शुरू हो जाएगी। पुलिस एवं स्थानीय लोगों को यह ध्यान रखना होगा कि उनके आसपास अवैध कब्जे करने वाले लोग कौन हैं और अस्थाई निर्माण कर खुद को घुमंतू कारोबारी बताने वाले लोगों की गतिविधियां और मूल ठिकाना क्या है? पहाड़ी क्षेत्र में अवैध मजारें एवं अवैध कब्जे भी बड़ी एक चिंता का कारण है। हालांकि धर्म की आड़ में किसी को भी प्रदेश के अंदर अराजकता फैलाने की अनुमति नहीं है, लेकिन यह भी जरूरी है कि नाम बदलकर व्यापार करने वालों की मंशा भी समाज के सामने आनी ही चाहिए।

# जनाब ओवैसी, कैथोलिक काउंसिल से जाने सच्चाई

**शंकर शरण**

बिशप काउंसिल ने बाकायदा एक आयोग बनाकर इस मामले की पड़ताल करवाई। उस की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2005 से 2012 के बीच ही लव–जिहाद के लगभग चार हजार मामले हुए। केरल में 'इस्लामिक पोपुलर फ्रंटङ की छात्र शाखा 'कैंपस फ्रंटङ ने असंख्य क्रिश्चियन और हिन्दू लड़कियों को जाल में फँसा कर उन्हें मुसलमान बनाया है।ज् कभी मौलाना मदनी द्वारा जिहाद को 'पवित्र' कहकर नाराजी दिखाना, तो कभी ओवैसी द्वारा 'लव–जिहाद' पर तंज कर चुनौती देना हिन्दू नेताओं की असलियत दिखाता है। आर.एस.एस. को चुनौती देकर ओवैसी का मजा लेना है। आखिर क्यों नहीं! ये अज्ञान और डर, दोनों प्रभाव से जीते है।गत 5 जनवरी प्रखर मुस्लिम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने आर.एस.एस. नेता मोहन भागवत को चुनौती दी कि 'लव जिहाद परिभाषितङ करें। क्योंकि इन्होंने अपने किसी भाषण में इस का उल्लेख किया था। ओवैसी ने भाजपा से भी माँग की कि, 'अगर देश में लव जिहाद हो रहा, तो इस के आँकड़े संसद में दे।पर ओवैसी की चुनौती अनुत्तरित रही। अधिकांश संघ–भाजपा नेता मुहावरों, जुमलों, आधी–अधूरी बातों तक ही रहते हैं। किन्तु ओवैसी भी गर 'लव–जिहादङ की सच्चाई जानना चाहते तो अपनी माँग कैथोलिक बिशप काउंसिल ऑफ इंडिया और सीरियन मलाबार चर्च से करते। लव–जिहाद का मामला सब से पहले भारत के क्रिश्चियन नेताओं ने उठाया था। वे वर्षों से इस पर लड़ रहे हैं। कैथोलिक बिशप काउंसिल और सीरियन मलाबार चर्च ने 2020 में बिशप सम्मेलन (सायनोड) के आधिकारिक बयान में कहा था कि 'लव–जिहाद एक सचाई हैङ, और खतरा है।बिशप काउंसिल ने बाकायदा एक आयोग बनाकर इस मामले की पड़ताल करवाई। उस की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2005 से 2012 के बीच ही लव–जिहाद के लगभग चार हजार मामले हुए। केरल में 'इस्लामिक पोपुलर फ्रंटङ की छात्र शाखा 'कैंपस फ्रंटङ ने असंख्य क्रिश्चियन और हिन्दू लड़कियों को जाल में फँसा कर उन्हें मुसलमान बनाया है। अतः यदि किसी संघ–भाजपा सांसद को इस पर तनिक भी चिन्ता हो, तो वह बिशप काउंसिल की रिपोर्ट के ही आंकड़े संसद में पेश करें – ताकि ओवैसी की चुनौती को वाक–ओवर न मिले।



राजनीति में ऐसी स्थितियाँ जनता के बीच धारणाएं बनाती हैं। उन धारणाओं के परिणाम होते हैं। अतः संघ–भाजपा नेताओं को अपनी ही बातों पर भागना नहीं चाहिए। वह भी इतना गंभीर मुद्दा, जो हिन्दू–जैन–क्रिश्चियन–सिख समाज के अस्तित्व से जुड़ा है।आखिर, इस्लाम द्वारा दुनिया भर में अनेक जगह दूसरे धर्म–समाज को खत्म कर देना ऐतिहासिक सचाई है। इस पर मुस्लिम उलेमा, लीडर फख्र भी करते हैं। फारस, सीरिया, कौंस्टेंटिनोपल, लेबनान, कोसोवो ही नहीं – भारत के भी पश्चिमी और पूर्वी हिस्से में हजारों मील इलाकों और करोड़ों हिन्दू–सिख लोगों को इस्लाम ने हड़प लिया। उस का औजार जिहाद ही है। इस में लव–जिहाद के विविध रूप भी शामिल हैं।यह न केवल भारत, बल्कि अनेक यूरोपीय देशों में भी चल रहा है। वहाँ यह गतिविधि 'ग्रूमिंग गैंगङ के काम से भी जानी जाती है। जिस की शिकार अधिकांशतः गोरी क्रिश्चियन लड़कियाँ और शिकारी अधिकांश पाकिस्तानी मूल के मुस्लिम होते हैं। सिख लड़कियों को भी 'के टु केङ (कौर से खान) बनाने का धंधा जाहिर है। सो, यूरोप या भारत में लव–जिहाद वास्तविक है।

यहाँ केरल सरकार और हाई कोर्ट ने भी इस का नोटिस लिया है। वहाँ के कम्युनिस्ट मुख्य मंत्री वी. एस. अच्युतानन्दन ने बरसों पहले, 2010 में ही, इस पर चेतावनी दी थी। उन के शब्दों में, एक मुस्लिम दल 'मनी और मैरेजङ द्वारा दो दशक में केरल को पूर्ण इस्लामी बनाने की योजना पर चल रहा है। क्या ओवैसी ने इस पर भी ध्यान नहीं दिया था? केरल हाई कोर्ट ने भी 2009 और 2017 में इस का संज्ञान लिया था। यद्यपि कोर्ट की टिप्पणी थी कि सभी अंत–धर्म विवाहों को 'लव जिहादङ की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। किन्तु इस में साफ ध्वनि है कि कुछ मामले ऐसे हैं। वे कौन से मामले हैं, और कितने हैं? निस्संदेह, यह कार्यपालिका और विधायिका के कर्णधारों को देखना था। इस पर बोलना और इस में हो रहे छल–प्रपंच, और दबाव–ब्लैकमेल, आदि को रोकना था। इस बिन्दु पर ओवैसी की चुनौती बिलकुल सही है।

पर 'लव–जिहादङ की परिभाषा तो केरल के मुख्यमंत्री बता चुके – 'मैरेज का इस्तेमाल करके इस्लाम फैलानाङ। वस्तुतः यही कुल जिहाद का उद्देश्य है – इस्लाम को बढ़ाना, और गैर–इस्लाम को मिटाना। इस्लाम की सारी लड़ाई बस इसी के लिए है। उस की बाकी सारी बातें दोयम या बहाना हैं।

कुरान की अनगिनत आयतें, जैसे 2:193; 8:39; 9:29; 9:111; 3:28; आदि जिहाद लड़ने की ताकीद करती हैं। जिस की एक ही टेक हैः जैसे हो, सब को अल्लाह और मुहम्मद का अनुयायी बनाओ, ताकि सब उन का हुक्म मानें (कुरान, 3:32; 3:132; 4:59, आदि)। यही इस्लाम का आदि–अंत है। न इस से कम, न इस से अधिक। बाकी सब बातें कमतर या स्वैच्छिक हैं। केवल यह – इस्लाम फैलाओ, अन्य को मिटाओ – ही बुनियादी कौल है। इस्लामी राजनीति के सभी काम इसी के अंग हैं।

अतः, छल–बल या प्रेम से भी किसी हिन्दू, जैन, सिख, या क्रिश्चियन लड़की या लड़के को मुस्लिम बना लेना ही लव–जिहाद है। तलवार से, या प्रेम से – लक्ष्य वही है, मुस्लिम संख्या बढ़ाना। इस्लाम की ताकत बढ़ाना। इसी को कुरान, हदीस, और सीरा – इस्लाम की तीनों मूल किताबों में – 'अल्लाह का कामङ कहा गया है। सो, लव–जिहाद या जबर–जिहाद, सभी इस्लाम के अनुरूप हैं। यह हर मौलाना जानता है। ओवैसी तो बखूबी जानते होंगे। वे केवल संघ–भाजपा नेताओं के अटपटेपन का मजा लेते रहते हैं!पर, वस्तुतः अच्युतानन्दन वाली परिभाषा तेरह सदियों से भारत में घटित होती देखी जा सकती है। सभी इतिहासकारों के विवरण दिखाते हैं कि 712 ई. में आने वाले मुहम्मद बिन कासिम के पहले गिरोह से लेकर बाद की सदियों में आने वाले सभी मुस्लिम हमलावर – तुर्क, ईरानी, मंगोल, आदि – कोई भी अपनी बीवियाँ साथ नहीं लाए थे। सब ने यहीं की हिन्दू स्त्रियों, लड़कियों को गुलाम, रखैल, या बीवी बनाकर, और सब को मुसलमान बनाकर परिवार बनाया, या केवल औलादें पैदा की। इसे गुलाम–जिहाद, सेक्स–जिहाद, बलात्कार–जिहाद, रखैल–जिहाद, लव–जिहाद, जो भी कहें। बात वही रहेगी। आज इस का व्यवहारिक अर्थ किसी विस्थापित कश्मीरी पंडित या बंगलादेश के हिन्दू से पूछ लीजिए। वह इस के अनेक जीवित उदाहरण दे सकता है।

इस प्रकार, ऐतिहासिक रूप में, सीरिया, तुर्की, या ईरान के लगभग तमाम मुस्लिम ही नहीं – जो हजार साल पहले शत–प्रतिशत क्रिश्चियन या पारसी थे – बल्कि भारत–पाकिस्तान–बंगलादेश की संपूर्ण मुस्लिम आबादी के भी लगभग सभी लोग सारतः सेक्स–जिहाद या लव–जिहाद की उत्पत्ति हैं। किसी मुस्लिम तारीखनवीस ने भी, सदियों की तारीख में, एक भी हिन्दू, जैन, या सिख पिता का उदाहरण नहीं दिया है जिस ने स्वेच्छा से अपनी बेटी किसी मुगल बादशाह को भी दी हो। सो, क्रिश्चियन–यहूदी–हिन्दू–जैन–सिख लड़कियों, स्त्रियों को मुसलमान बनाना पूरे विश्व में, सदैव एकतरफा और जबरिया मामला था, और है।यदि सदियों पुरानी यह सच्चाई दूर की लगे, तो अभी हाल का देख लीजिए। केवल पैंतीस वर्ष पहले, 1990 में कश्मीर में नारा दिया गया था – 'असि छु बनावुन पाकिस्तान, बटव रोस तु बटन्यव सानङ (हम पाकिस्तान बनाएंगे, कश्मीरी पंडितों को खत्म कर, मगर उन की स्त्रियों को रख कर)। उस का पूरक नारा भी था – 'या रलिव, या गलिव, या चलिवङ (या तो इस्लाम में मिल जाओ, या खत्म हो जाओ, या भाग जाओ)।

यह सब क्या था, जनाब ओवैसी? पूरी की पूरी मुस्लिम जमात समूचे प्रदेश में कहती है कि वे 'हिन्दू स्त्रियों को रखेंगे, मगर हिन्दू पुरुषों को भगाएंगेङ! किसलिए? ओवैसी इस से अनजान क्यों बन रहे हैं? केवल संघ–भाजपा के गैंडाखाल या अज्ञानी ही हिन्दू नहीं। असंख्य सामान्य हिन्दू भी हैं, जो इस्लाम की टेक और उस का इतिहास जानते हैं। उन के जले पर नमक छिड़कना इन्सानियत के खिलाफ है। औवेसी को कभी इस्लामियत से ऊपर उठ कर इन्सानियत का ख्याल करना चाहिए। इन्सानियत बड़ी और स्थाई चीज है। इस्लामियत छोटी और आनी–जानी।

सो, कश्मीर में तलवार–जिहाद और सेक्स–जिहाद का तालमेल अपवाद नहीं था। जो बात वहाँ कश्मीरी में कही गई थी, वही आज पश्चिम बंगाल और असम के सीमावर्ती हिन्दुओं को बंगला में कही जाती है। सुनिए – 'गोरू राखबि कैंपे, टाका राखबि बैंके, बोउ राखबि कोथाय?ङ (गायों को सी.आर.पी.एफ. कैंपों में रख कर बचाओगे, रूपए को बैंक में रखकर बचाओगे, मगर अपनी स्त्रियों को कहाँ रखोगे?)।

यह सब क्या है? बिलकुल साफ बलात्–जिहाद और सेक्स–जिहाद। वही, जो आठवीं सदी में मुहम्मद बिन कासिम के समय में गुलाम–जिहाद और रखैल–जिहाद था। आज कश्मीर और बंगाल की उक्त दोनों परिघटनाओं को बलात्कार–जिहाद के सिवा और क्या कहना चाहिए? आलिम या ईमाम इस पर चुप रहते हैं। पर विवेकशील मुस्लिम नेताओं को तो विशेषाधिकारी, घमंडी भावना से उबरना चाहिए। इस्लाम तलवार में मजबूत जरूर है, पर बाकी हर चीज में सदा से फिसड्डी। विचार, ज्ञान, साइंस, और मानवीय संस्कृति बिलकुल गोल। यह अभाव आज नहीं कल उसे ठंडा कर देगा। तब तक वह चाहे भारत के गैर–मुस्लिमों पर कब्जा ही क्यों न कर ले, या उन्हें मिटा भी दे। किन्तु अंततः इस्लाम का बेकार दिखना और खत्म हो जाना तय है। केवल इस की अवधि गैर–मुस्लिमों के अज्ञान में पड़े रहने, या इस्लाम के बारे में अपने अज्ञान से उबर जाने पर निर्भर है।

पर अभी तो इस्लाम का भारत में दबदबा बेरोकटोक है। आर.एस.एस. को चुनौती देकर ओवैसी का मजा लेना इस का उदाहरण है। आखिर क्यों नहीं! जब संघ–भाजपा समेत सभी दल, शासक, अकादमियाँ, मीडिया, आदि उन की तवज्जो में लगे रहते हैं। अज्ञान और डर, दोनों प्रभाव से। वस्तुतः डर और अज्ञान एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, और एक–दूसरे को बढ़ाते हैं। हिन्दू नेता इस के उदाहरण हैं।कभी मौलाना मदनी द्वारा जिहाद को 'पवित्रङ कहकर नाराजी दिखाना, तो कभी ओवैसी द्वारा 'लव–जिहादङ पर तंज कर चुनौती देना हिन्दू नेताओं की असलियत दिखाता है। यह यहाँ जिहाद का नैतिक वर्चस्व ही है कि कोई हिन्दू नेता उसे आइना नहीं दिखाता। संसद से लेकर विधानसभाओं तक, एक भी नेता ऐसा नहीं जो काफिर के यानी पीड़ित के नजरिए से इस्लाम का सच दिखा सके।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट गैर–जरूरी विवाद से घिरा

**भारत की मेजबानी व्यवस्था पर डेनमार्क के खिलाड़ियों के गंभीर सवाल उठाने से इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट गैर–जरूरी विवाद से घिर गया है। भारतीय जनमत के एक हिस्से ने आलोचनाओं को सहज स्वीकार नहीं किया है।**

2026 में भारत वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला है। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का भी दावेदार है। इस बीच विदेशी खिलाड़ियों की शिकायतों से भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यावरण प्रबंधन क्षमता को लेकर खराब छवि बन सकती है।भारत की मेजबानी व्यवस्था पर डेनमार्क के खिलाड़ियों के गंभीर सवाल उठाने से इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट गैर–जरूरी विवाद से घिर गया है। भारतीय जनमत के एक हिस्से ने आलोचनाओं को सहज स्वीकार नहीं किया है। बल्कि किंडबी श्रीकांत जैसे बड़े खिलाड़ी जवाब देने के अंदाज मे यह बताने की हद तक चले गए हैं कि डेनमार्क में व्यवस्था भारत से कहीं खराब रहती है। बहरहाल, ऐसे जवाबों से मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होगा। नजरिया सुधार का नहीं रहा, तो उसका असर भविष्य में भारत की खेल मेजबानियों पर पड़ सकता है। विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी और चार बार के वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता एंडर्स एंटोनसन नई दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण लगातार तीसरे साल टूर्नामेंट में भाग लेने नहीं आए। विवाद हुआ, तो दिल्ली के एक्यूआई डेटा का स्क्रीन शॉट सोशल मीडिया पर डालते हुए कहा कि यह बैडमिंटन खेलने के लिए उपयुक्त नहीं है। टूर्नामेंट में ना आने के कारण बैंटमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने उन पर 5000 डॉलर का जुर्माना लगाया है। बहरहाल, टूर्नामेंट में आईं डेनमार्क की ही खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने प्रशिक्षण स्थल जाधव इंडोर स्टेडियम और प्रतियोगिता स्थल इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में गंदगी और धूल की शिकायत की। कहा कि यह खेल योग्य स्वस्थ माहौल नहीं है। इसी विवाद के बीच इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेल के दौरान बंदर के घुस आने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं।2026 में भारत वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला है। उसके पहले अंतरराष्ट्रीय ख्याति के खिलाड़ियों की इस तरह की शिकायतें दुर्भाग्यपूर्ण हैं। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी गंभीर दावेदार है। इस बीच विदेशी खिलाड़ियों की शिकायतें भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यावरण प्रबंधन क्षमता को लेकर नकारात्मक छवि बना सकती हैं। उससे भारत के खुद को स्पोर्ट्स हब के रूप में पेश करने के प्रयासों पर खराब असर हो सकता है। इसलिए भारत को इन शिकायतों को चेतावनी के रूप में लेना चाहिए। स्टेडियम में स्वच्छता, बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, और खिलाड़ियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने को मिशन की तरह लिया जाना चाहिए।

## हर रोज नई ऊंचाई

सोने और चांदी की कीमतों में जबर्दस्त उछाल का सीधा संबंध विश्व अर्थव्यवस्था में मची उथल–पुथल से है, जिससे दुनिया की आर्थिक, वित्तीय, एवं मौद्रिक व्यवस्थाओं में दीर्घकालिक परिवर्तन की संभावना ठोस रूप ले रही है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव नाटकीय ढंग से बढ़ रहा है। इस गति की अपेक्षा उन लोगों को भी नहीं थी, जो अंतरराष्ट्रीय कारोबार की मुद्रा के रूप में डॉलर के भविष्य को लेकर आशंकित रहे हैं। सोमवार को न्यूयॉर्क में प्रति औंस सोने का भाव 5000 डॉलर के ऊपर चला गया। भारत में प्रति दस ग्राम सोने की कीमत एक लाख 66 हजार रुपये से अधिक हो गई है। इसी के साथ चांदी के भाव में बेहद तेज उछाल आया है। सोमवार को भारत में प्रति किलोग्राम चांदी का भाव तीन लाख 60 हजार रुपये से अधिक दर्ज किया गया। इन दोनों धातुओं की कीमत में जबर्दस्त उछाल का सीधा संबंध विश्व अर्थव्यवस्था में मची उथल–पुथल से है, जिससे वैश्विक आर्थिक, वित्तीय एवं मौद्रिक व्यवस्थाओं में दीर्घकालिक परिवर्तन की संभावना ठोस रूप ले रही है। वैसे तो यह ट्रेंड कई साल पहले शुरू हो गया था, लेकिन 2025 में विभिन्न देशों के सेंट्रल बैंकों के सोना खरीदने की होड़ काफी तेज हो गई। ऐसा पहली बार हुआ है कि सभी देशों को मिला कर देखें, तो उनके सेंट्रल बैंकों के विदेशी मुद्रा भंडार में मौजूद सोने की कीमत उनके भंडार में मौजूद डॉलर की कीमत से अधिक हो गई है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय भुगतान में डॉलर अब भी सबसे बड़ा माध्यम है, लेकिन आनुपातिक रूप से इसके हिस्से में गिरावट आई है।

# सैन्य अधिकारी की पत्नी का रोल एक अलग अनुभव

अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह अपकमिंग फिल्म बैटल ऑफ गलवान में एक सैन्य अधिकारी की पत्नी के किरदार में नजर आएंगी।



इस रोल की तैयारी के दौरान उन्होंने मिलिट्री परिवारों की महिलाओं की ताकत और अंदरूनी भावनात्मक डर को गहराई से समझा। चित्रांगदा ने कहा कि इस किरदार ने उन्हें अपनी मां और ऐसी तमाम महिलाओं के संघर्ष को बेहतर तरीके से महसूस कराया। एक इंडियन आर्मी ऑफिसर की बेटी होने के नाते चित्रांगदा को यूनिफॉर्म, बार–बार पोस्टिंग और अनुशासित जीवन की आदत पहले से थी। लेकिन फिल्म के लिए आर्मी पत्नियों से मिलने और उनकी कहानियां सुनने के बाद उन्होंने कहा, मेरे पिता आर्मी में थे, उनकी कहानियां सुनना मेरे लिए सामान्य था। लेकिन एक आर्मी पत्नी का रोल निभाना बिल्कुल अलग अनुभव है। जब मैं उन महिलाओं से मिली, तो मुझे अपनी मां की खामोशी, गर्व और चिंता का मिश्रण समझ आया। चित्रांगदा ने आगे कहा, ये महिलाएं हर दिन ताकत और डर दोनों को अपने अंदर संजोकर रखती हैं। मैंने रोल में सिर्फ हिम्मत या मुस्कान नहीं, बल्कि उस भावना को भी दिखाने की कोशिश की, जहां दिल टूटने के बावजूद खुद को संभालना सीखना पड़ता है। फिल्म में वह उन भारतीय महिलाओं का प्रतीक बनती दिखेंगी, जो वर्दी पहने सैनिकों के पीछे मजबूती से खड़ी रहती हैं।

## टी–20 विश्व कप के इतिहास में ये हैं भारतीय क्रिकेट टीम की सबसे करारी हार

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम ने अब तक टी–20 विश्व कप के इतिहास में 2 खिताब जीते हैं। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2007 में खेले गए पहले संस्करण का खिताब जीता था। इसके बाद लंबे अंतराल के बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम 2024 में खेले गए संस्करण में विजेता बनी थी। 2007 से लेकर के 2024 तक के संस्करणों में भारत को कुछ करारी हार मिली, उनके बारे में जानते हैं। भारतीय टीम 2014 के संस्करण में उपविजेता रही थी। तब भारत के खिताब जीतने के सपने को श्रीलंका ने तोड़ दिया था। मीरपुर में खेले गए फाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 130/4 का स्कोर बनाया, जिसमें विराट कोहली के 77 रन की पारी शामिल थी। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने कुमार संगाकारा के अर्धशतक (52) की मदद से 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया था। भारतीय टीम को 2016 के संस्करण के सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 7 विकेट से हार मिली थी। वानखेड़े स्टेडियम में हुए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 192/2 का स्कोर बनाया था, जिसमें कोहली ने 89 रन बनाए थे।

# टी–20 विश्व कप इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज

नईदिल्ली, टी–20 विश्व कप 2026 का आगाज 7 फरवरी को पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच मुकाबले के साथ होगा। इस प्रारूप में अक्सर बल्लेबाजों की दहाड़ सुनाई देती है। ऐसे में टीमें अमूमन बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रहती है। इस बीच कई बार गेंदबाज भी धमाकेदार प्रदर्शन कर मैच को अकेले दम ही अपनी ओर मोड़ने में सफल रहते हैं। आइए टी–20 विश्व कप इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन करने वाले गेंदबाजों पर नजर डालते हैं।



टी–20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन का रिकॉर्ड श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व मिस्ट्री स्पिनर अजंता मेंडिस के नाम दर्ज है। उन्होंने 2012 के टी–20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने 4 ओवर में 8 रन देकर 6 विकेट चटकाए थे। इस बीच उन्होंने 2 मेडन ओवर किए थे। मेंडिस विश्व कप के किसी एक मैच में 6 विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज हैं। उस मैच में जिम्बाब्वे की टीम 100 रन पर ही ढेर हो गई थी। रंगना हेराथ टी–20 विश्व कप में 5 विकेट लेने वाले श्रीलंका के 2 स्पिनरों में शामिल हैं। उन्होंने 2014 के ग्रुप–1 मुकाबले में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 3.3 ओवर में 3 रन देते हुए 5 विकेट लिए थे। चटगांव में खेले गए मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन का स्कोर बनाया था। जवाब में हेराथ की उम्दा गेंदबाजी के सामने कीवी टीम 15.3 ओवर में 60 रन पर ही सिमट गई थी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी उमर गुल ने 2009 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए टी–20 विश्व कप मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। उन्होंने अपने 3 ओवर में 6 रन देते हुए 5 सफलताएं हासिल की थी। उन्होंने स्कॉट स्टायरिस, पीटर मैकग्लाशन, नाथन मैकुलम, जेम्स फ्रैंकलिन और काइल मिल्स के विकेट लिए थे।

# दलदल के सेट पर समारा तिजोरी ने भूमि पेडनेकर को किया इंप्रेस



मच अवेटेड साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर 'दलदलङ् में भूमि सतीश पेडनेकर के साथ समारा तिजोरी और आदित्य रावल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह सीरीज़ खौफनाक हत्याओं, ड्रग्स और एक खतरनाक पीछा–पकड़ की कहानी दिखाती है। हाल ही में भूमि ने अपने को–स्टार्स के साथ काम करने के अनुभव साझा किए और बताया कि वे उनसे काफी प्रभावित और प्रेरित हुईं। भूमि ने कहा,समारा तिजोरी इस पीढ़ी की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक होंगी। मैंने कई अच्छे कलाकारों के साथ काम किया है, लेकिन समारा और आदित्य वाकई खास हैं। यह उनके करियर की बस शुरुआत है। ऐसे किरदार निभाने के लिए ऐसे ही सच्चे कलाकारों की जरूरत होती है। उन्होंने आगे कहा,मैंने उनके साथ किए हर सीन में देखा कि वे अपने काम को कितनी गंभीरता से लेते हैं और हर सीन के लिए खुद को कैसे तैयार करते हैं।

'दलदलङ् में भूमि एक सख्त और निडर पुलिस अफसर डीसीपी रीटा फरेरा की भूमिका निभा रही हैं, जो एक खतरनाक सीरियल किलर आदित्य रावल की तलाश में है। वहीं समारा तिजोरी एक ईमानदार पत्रकार के किरदार में कहानी में नए मोड़ और रोमांच जोड़ती हैं।

## एक्टिंग पहला प्यार तो खाना दूसरा, मास्टरशेफ में करिश्मा ने कपूर खानदान के खोले राज

कपूर खानदान अपनी पार्टियों और खाने–पीने के किस्सों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहता है। अक्सर इस परिवार का कोई न कोई सदस्य मजेदार किस्से ताजा करता रहता है। अब खाने की बात चल रही है तो मास्टरशेफ इंडिया भी पीछे कैसे रह सकता है? कपूर परिवार की बड़ी बेटी करिश्मा कपूर मास्टरशेफ इंडिया में स्पेशल गेस्ट के तौर पर नजर आईं। इस खास एपिसोड में करिश्मा ने बताया कि उनके परिवार में खाना सिर्फ भोजन नहीं, बल्कि प्यार, पुरानी यादों और परिवार के साथ बिताए पलों का प्रतीक रहा है। इस एपिसोड में कपूर खानदान की पसंदीदा क्लासिक इंडियन डिशेज को सेलिब्रेट किया गया। कंटेस्टेंट्स को चुनौती दी गई कि वे कपूर परिवार की विरासत वाली इन डिशेज की असली आत्मा को बनाए रखते हुए ओरिजिनल फ्लेवर के साथ मास्टरशेफ लेवल की क्रिएटिव डिश तैयार करें।

# एडम जैम्पा टी–20 क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने

नईदिल्ली,।ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के गेंदबाज एडम जैम्पा ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उम्दा गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए। इस बीच वह टी–20 क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बने। उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के बावजूद पाकिस्तान ने लाहौर टी–20 में पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाने में सफलता हासिल की। आइए उनकी गेंदबाजी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। जैम्पा ने पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज सैम अयूब (40) को आउट करते हुए अपने विकेटों का खाता खोला। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए मददगार नजर आ रही गद्दाफी स्टेडियम की पिच पर विपक्षी बल्लेबाजों की कठिन परीक्षा ली। इस लेग स्पिनर ने कप्तान सलमान आगा (39), बाबर आजम (24) और उस्मान खान (18) को अपनी फिरकी के जाल में फंसाया। उन्होंने अपने 4 ओवर के कोटे में 24 रन देते हुए ये सफलताएं हासिल की।



जैम्पा ने अब तक पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 12 टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 17.93 की औसत के साथ 16 विकेट चटकाए। उन्होंने पाकिस्तानी टीम के विरुद्ध पहली बार 4 विकेट चटकाए। पाकिस्तान की धरती पर यह जैम्पा का सिर्फ दूसरा ही टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच है और उन्होंने 10.60 की औसत के साथ कुल 5 विकेट लिए हैं। इस बीच उनकी इकॉनमी रेट 6.62 की रही है। जैम्पा ने विकेटों के मामले में न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर (134) और आयरलैंड के मार्क अडायर (137) को पीछे छोड़ा। उन्होंने अब तक 109 मैच खेले हैं, इसकी 106 पारियों में 20.80 की औसत और 7.20 की इकॉनमी रेट से 138 विकेट लिए हैं। उन्होंने 3 बार 4 विकेट हॉल और 1 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/19 का रहा है। जैम्पा के टी–20 क्रिकेट में 400 विकेट पूरे किए। वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से इस आंकड़े को छूने वाले पहले गेंदबाज बने। टी–20 क्रिकेट में वह 400 विकेट पूरे करने वाले विश्व के 12वें गेंदबाज बने। उन्होंने अपने करियर में 321 मैचों की 315 पारियों में लगभग 21 की औसत के साथ 400 विकेट लिए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 19 रन देते हुए 6 विकेट लेना रहा।

## एक नजर

### सड़क पर गड्ढे होने से बना दुर्घटना का खतरा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भारत इलेक्ट्रानिक्स कर्मचारी संगठन ने जल निगम से बीईएल को जाने वाले संपर्क मोटर मार्ग की हालत दुरस्त करने की मांग उठाई है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में मोटर मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे होने से हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कहा कि जनहित में जल्द से जल्द मोटर मार्ग को दुरस्त किया जाना चाहिए। शुक्रवार को कर्मचारी संगठन के महासचिव प्रदीप बडोला की ओर से प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कंपनी के अधिकांश कर्मचारी जल निगम से बीईएल की ओर आने वाले संपर्क मोटर मार्ग से आवाजाही करते हैं। वर्तमान में पेयजल लाइन बिछने के कारण मोटर मार्ग को जगह-जगह पर खोद दिया गया है, इस कारण मोटर मार्ग पर गड्ढे बने हुए हैं और कर्मचारियों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्थानीय विधायक से इस संबध में संबधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है।

### शिक्षक और छात्र हित में प्राथमिकता के आधार पर होगें कार्य

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिले के नवनियुक्त मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) से शिष्टाचार भेंटकर उनका स्वागत किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज जुगरान ने कहा कि संघ सदैव छात्र व शिक्षक हितों के लिए कार्य करता रहा है और आगे भी शिक्षा का सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए दोनों अधिकारियों के साथ मिलकर जनपद में शिक्षा की बेहतरी के लिए सहयोग करेगा।

इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी अत्रेश सयाना ने कहा कि जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ के साथ समन्वय स्थापित कर एक आदर्श जिला बनाने के लिए संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा। वहीं नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) अंशुल बिष्ट ने संगठन को विश्वास दिलाया कि शिक्षक एवं छात्र हित में प्राथमिकता के आधार पर कार्य करते हुए शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर नवीन डोभाल, रेखा नेगी, शैलेंद्र बड़थ्वाल, अनूप काला, सुधीर लिंगवाल, दिलवर शाह, अनूप गैरोला, महेंद्र रावत, नवीन धारीवाल, मुकेश बिष्ट, संजय आदि मौजूद रहे।

### पार्षद ने डस्टबिन खरीद मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम की शुक्रवार को होने वाली बोर्ड बैठक से पहले, वार्ड नंबर 40 के पार्षद संदीप रावत ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में वितरित किए जा रहे डस्टबिन की गुणवत्ता पर आपत्ति जताई। पार्षद संदीप रावत का कहना है कि जब श्रीनगर में नगर पालिका थी, उस समय दिए गए डस्टबिन की गुणवत्ता बेहतर थी, जबकि अब नगर निगम बनने के बाद बांटे जा रहे डस्टबिन कमजोर और घटिया हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि नगर निगम बड़ा निकाय होने के बावजूद गुणवत्ता में गिरावट क्यों आई। आरोप लगाया कि पार्षदों को विश्वास में लिए बिना ही डस्टबिन की खरीद की गई है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए उन्होंने बताया कि वह सचिव, निदेशाक और जिलाधिकारी को पत्र दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के विरोध में वह बोर्ड बैठक में अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखेंगे। उन्होंने साफ किया कि यदि बैठक में कोई समाधान नहीं निकलता है, तो आगे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का रास्ता अपनाया जाएगा। (एजेंसी)

### जिला अस्पताल में मरीजों को मिलेगा डिजिटल सुविधा का लाभ

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को अप्रैल से डिजिटल सुविधा का लाभ मिलेगा। अस्पताल प्रशासन पर्ची कटवाने से लेकर विभिन्न जांचों और उपचार शुल्क के भुगतान के लिए ऑनलाइन व्यवस्था लागू करने जा रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, ऑनलाइन प्रणाली से मरीजों का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। इसके लिए तकनीकी तैयारियां पूरी की जा रही है। नई व्यवस्था के तहत मरीज मोबाइल फोन या अस्पताल में स्थापित डिजिटल कियोस्क के माध्यम से ओपीडी पर्ची बनवा सकेंगे। पैथोलॉजी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड सहित सभी प्रमुख जांचों का शुल्क भी यूपीआई, डेबिट कार्ड व अन्य डिजिटल माध्यमों से जमा किया जा सकेगा।

# पार्किंग स्थल गड्ढे में दफन, सड़के पार्किंग में तब्दील



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सिस्टम के अदूरदर्शी निर्णय का खामियाजा आमजन को किस तरह भुगतना पड़ता है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मोटर नगर में हुआ बड़ा गड्ढा है। आमजन ने मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डे का सपना देखा और सिस्टम ने जनता को बस अड्डे की जगह एक गड्ढा थमा दिया। कई वर्ष बीत गए हैं, लेकिन आज तक सिस्टम ने इस गड्ढे को बस अड्डे में तब्दील करने की जहमत नहीं उठाई है। आलम यह है कि पार्किंग स्थल गड्ढे में दफन हो गया है और सड़कें पार्किंग में तब्दील हो गई हैं।

व्यवसायिक वाहनों की बात करें, तो कोटद्वार क्षेत्र में वर्तमान में उत्तराखंड परिवहन निगम के पास पचपन बसों व गढ़वाल मोटर्स ऑनर्स यूनियन के पास करीब तीन सौ बसों का बेड़ा है। इसके अलावा करीब चार सौ जीप-टैक्सियां और आठ सौ से अधिक तिपहिया वाहन सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं। लेकिन, अगर बात इन वाहनों की पार्किंग की करें तो वर्ष 2013 से बाद से आज तक आमजन को पार्किंग स्थल का इंतजार है।

दरअसल, 23 मार्च 2013 को तत्कालीन नगर पालिका ने पीपीपी मोड पर मोटर नगर में आधुनिक बस टर्मिनल बनाने का कार्य एक निजी संस्था को सौंपा। संस्था ने मोटर नगर में बस अड्डे का निर्माण कार्य शुरू किया। पालिका ने मोटर नगर की 1.838 हेक्टेयर भूमि में से 1.5034 हेक्टेयर भूमि कंपनी को मुहैया करा दी। शर्तों के अनुरूप मार्च 2015 तक बस अड्डे का निर्माण पूर्ण कर नगर पालिका को सौंपा जाना था, लेकिन विभिन्न कारणों के चलते ऐसा न हो सका। अनुबंध में खामियों का ही परिणाम रहा कि कार्यदायी संस्था कार्य अधूरा छोड़ चलती बनी।

कई वर्ष हो गए हैं, लेकिन न तो जन प्रतिनिधियों ने इस अधूरे निर्माण की सुध ली और न ही सरकारी तंत्र इस ओर ध्यान दे रहा है।

# नशाबंदी के लिए कार्य करने का लिया संकल्प



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल सर्वोदय मण्डल एवम कण्वाश्रम ग्राम स्वराज्य समिति के सयुंक्त तत्वावधान में नजीबाबाद रोड स्थित एक वेडिंग पॉइंट कोटद्वार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 78वें शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए व व उनके प्रिय भजन प्रस्तुत किये गए।

गढ़वाल सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र लाल आर्य ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के अमूल्य योगदान के कारण उन्हें राष्ट्रपिता के रूप में जाना जाता है। दीपक कुकरेती ने कहा कि अस्पृश्यता निवारण, खिलाफत आंदोलन, असहयोग आंदोलन, नमक मार्च और भारत छोड़ो आंदोलन स्वतंत्रता संग्राम के दौरान गांधी जी द्वारा चलाये सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन हैं। महेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि गांधी जी का सत्य और अहिंसा का संदेश आज भी सर्वाधक प्रासंगिक है। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र पंत व शूरबीर खेतवाल ने किया। इस दौरान नशाबंदी के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया। अभिभावकों से भी अपील की कि वह अपने बच्चों की गतिविधियों को देखें और उनका भविष्य संवारने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि नशे का सेवन धीरे-धीरे अपराधिक गतिविधियों की ओर धकेल देता है और इस दलदल से उबर पाना फिर मुश्किल है। सभी लोगों को नशा मुक्ति के लिए आगे आना होगा। इस अवसर पर विनय किशोर रावत, नेत्र सिंह रावत, स्नेहदीप रावत, प्रवेश नवानी, राकेश अग्रवाल, धीरेंद्र नेगी, श्रीमती मंजू रावत, बृजेन्द्र नेगी, किशन सिंह रावत, गोविंद सिंह रावत, गीता बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## प्रवासी ग्रामीण एक शुभ कार्य गांव में जरूर करें : अनिल बलूनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कोट ब्लॉक की ग्राम सभा पंचूर के पातली गांव में भाजपा की ओर से विकसित भारत जीराम जी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी ने गांवों से हो रहे पलायन पर चिंता जताते हुए कहा कि पलायन रोकना और गांवों का समग्र विकास करना केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

कहा कि गांव में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं हल करते हुए गांव का विकास किया जाएगा। उन्होंने गांव से बाहर रहने वाले प्रवासी ग्रामीणों से एक शुभ कार्य अपने गांव में जरूर करने की भी अपील की।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी ने कहा कि पलायन कर चुके लोग अपना वोट गांव में ही रखे। उन्होंने कहा कि यहां से रेलवे स्टेशन नजदीक होने से जल्द ही विकास भी होगा। गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र के करीब 150 गांवों से पूर्णरूप से पलायन हो चुका है जिसमें पातली गांव भी शामिल है। कहा कि यहां रिवर्स पलायन हो इसके लिए इस कार्यक्रम का यहां आयोजन किया गया है।

इस मौके पर विधायक राजकुमार पोरी, पूर्व विधायक मुकेश कोली, जिलापंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला, जिलाध्यक्ष कमलकिशोर रावत, विपिन कैंथौला, पुष्कर काला, बबली देवी, गणेश भट्ट, सीमा भंडारी, प्रमिला भंडारी, जगमोहन नेगी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हिम्मत नेगी ने किया।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत झंडीचौड़ स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव एवं फर्नीचर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने अपनी विधायक निधि से विद्यालय के बच्चों को अध्ययन के लिए फर्नीचर प्रदान किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी, पंजाबी, राजस्थानी, देशप्रेम आदि गीतों पर मनमोहक गीतों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।



रंगारंग संस्कृत वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी, विशिष्ठ अतिथि डॉ. अवासी भारती, प्रधानाचार्य सोहन लाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दिए प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक हैं। बच्चों को भी इसमें उत्साह पूर्वक भाग लेना चाहिए। उन्होंने सभी अभिभावकों अपने बच्चों को फास्ट फूड, मोबाइल, कंप्यूटर, वीडियो गेम और नशे से दूर रखकर संस्कारवान और अनुशासित बनाने की अपील की। कहा कि तभी ये बच्चे अपना सुनहरा भविष्य बनाकर एक सशक्त समाज निर्माण में अपनी भागीदारी दे सकते हैं। इस पर विद्यालय प्रधानाचार्य सोहनलाल ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पूर्व भी विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से विद्यालय में सार्वजनिक व्यायामशाला, टीन शेड निर्माण, भोजन आवास तथा विद्यालय की छतों की मरम्मत जैसे कई महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जा चुके हैं, जिससे विद्यालय की आधारभूत संरचना सशक्त हुई है। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा सूचना एवं सेवा आधारित स्टॉल भी लगाए गए। जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम का संचालन रतन पटवाल ने किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष रावत, पार्षद जे.पी बहुखंडी, जितेंद्र नेगी, आनंद घिल्डियाल, नवल किशोर, विवेक भारती, रामेश्वरी देवी, कुलदीप रावत, बबीता ग्वाड़ी सहित विभागीय अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

**नेशनल योग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया सम्मानित**

भाबर के जीआईसी झंडाचौड़ उत्तरी में रंगारंग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी ने नेशनल योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र प्रियांशु, हिमांशु, वरुण के साथ-साथ व्यायाम प्रशिक्षक सुरेश सिंह और भारत स्वाभिमान की योग प्रशिक्षिका रजनी अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। विद्यालय के छात्रों द्वारा योग आसनों की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों की तालियां बटोरी।

# उल्लास कार्यक्रम साक्षरता तक सीमित नहीं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ नई दिल्ली द्वारा कलिंग विवि भुवनेश्वर उड़ीसा में 21 से 23 जनवरी तक आयोजित संघ के 66वें राष्ट्रीय अधिवेशन उल्लास में उत्तराखण्ड राज्य से विकासखण्ड दुगड्डा के राजकीय इंटर कॉलेज धोबीघाट में कार्यरत शिक्षक डा. सौरभ मिश्र ने प्रतिभाग किया। अभी तक उल्लास के माध्यम से मिजोरम, गोवा, त्रिपुरा अभी तक पूर्ण साक्षर राज्य घोषित हो चुके है। वहीं शिक्षक की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।



प्रेस को जारी विज्ञप्ति में डा. सौरभ मिश्र ने बताया कि उन्होंने प्रौढ़ और आजीवन शिक्षा विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उत्तराखण्ड राज्य को नशामुक्त तथा टीबी मुक्त बनाकर पूर्ण शिक्षित राज्य बनाने की बात कहीं। बताया कि उल्लास कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में वर्ष 2024-25 में पांच जिले शामिल किए गए थे। उल्लास कार्यक्रम साक्षरता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक के उन सभी नागरिकों को बुनियादी शिक्षा और जीवन कौशल प्रदान कर सशक्त बनाना है, जिन्हें औपचारिक शिक्षा का अवसर नहीं मिला है। यह सिर्फ एक साक्षरता कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि एक जन आन्दोलन है। उत्तराखण्ड में भी, शिक्षा विभाग और अन्य संस्थान साक्षरता जन-जन साक्षर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर और स्वयं सेवकों की मदद से इस कार्यक्रम को लागू करने के लिए आज भी काम कर रहे हैं और अच्छे निष्कर्ष के लिए प्रयासरत हैं।

## छात्राओं ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : समाज को नशामुक्त बनाने और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जीजीआईसी की एनएसएस इकाई ने शुक्रवार को नगर क्षेत्र में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान रैली जीजीआईसी परिसर से प्रारंभ होकर पौड़ी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक पहुंची। यह संदेश दिया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज की प्रगति में भी बाधक बनता है। रैली में विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और हाथों में नशा विरोधी संदेशों की तख्तियां लेकर लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी संगीता वाल्मीकि व कांति किमोठी ने बताया कि रैली का उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति को लेकर सकारात्मक वातावरण तैयार करना, विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।

## पौड़ी विस ने जीता सांसद चैंपियनशिप ट्रॉफी का खिताब

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : खेल महाकुंभ-2025 के तहत आयोजित सांसद चैंपियशिप ट्रॉफी की बालिका वर्ग अंडर-14 एवं अंडर-19 प्रतियोगिताओं का समापन शुक्रवार को हुआ। प्रतियोगिता में जनपद की कुल 11 विधानसभाओं के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान सर्वाधिक अंक अर्जित कर पौड़ी विधानसभा ने सांसद चैंपियनशिप ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। विजेता पौड़ी विधानसभा को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। रांसी स्टेडियम में आयोजित अंतिम दिन कबड्डी व खोखो प्रतियोगिताओं के रोमांचक मुकाबले खेले गए। इस दौरान कबड्डी बालिका वर्ग अंडर-14 में चौबट्टाखाल विधानसभा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि देवप्रयाग द्वितीय और यमकेश्वर तृतीय स्थान पर रहा। वहीं, अंडर-19 में नरेंद्रनगर विधानसभा प्रथम, श्रीनगर द्वितीय व कोटद्वार तृतीय स्थान पर रहा। खो-खो बालिका वर्ग अंडर-14 में नरेंद्रनगर प्रथम, यमकेश्वर द्वितीय व रामनगर तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-19 में भी नरेंद्रनगर ने बाजी मारी, जबकि यमकेश्वर द्वितीय और पौड़ी विधानसभा तृतीय स्थान पर रही। जिला युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ी मुख्यमंत्री चैंपियशिप ट्रॉफी में प्रतिभाग करेंगे। 97 अंक अर्जित कर पौड़ी विधानसभा ने सांसद चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता पौड़ी विधानसभा को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत, भगवान गुसाईं, महेश, मो. आरिफ, दिनेश सिंह नेगी, आदेश बहुगुणा, मनोज बजरियाल आदि मौजूद रहे।

# शादी व पार्टियों में शराब और मांस परोसा तो लगेगा 11 हजार का जुर्माना



जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : ग्रामसभा पोखरी में ग्राम प्रधान पूरन चंद्र की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ग्रामसभा पोखरी में अब शादी समारोह सहित अन्य मांगलिक कार्यों में शराब व मांस परोसने पर 11 हजार रुपए का जुर्माना देना होगा। इस संबंध में ग्रामीणों ने बाकायदा पंचायत बैठक कर शादी समारोह में शराब व मांच न परोसने का संकल्प लिया है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि ग्रामसभा पोखरी में शादी-विवाह, पार्टियों में तथा अन्य किसी भी प्रकार के कार्यक्रमों में मदिरा पान व मांस का सेवन नहीं किया जायेगा। इसका उल्लंघन करने पर 11000 रुपये की धनराशि अर्थदंड के रूप में उस परिवार से वसूली जायेगी तथा उचित कार्यवाही की जायेगी। ग्राम प्रधान पूरन चंद्र ने कहा कि ग्रामसभा पोखरी को पूर्ण रूप से नशामुक्त रहे यह मेरा लक्ष्य है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान विशम्बर धस्माना, हरीश चंद्र पोखरियाल सहित महिला मंगल दल की सदस्य मौजूद थे।

## एक वर्ष से गुमशुदा महिला अमरोहा उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पुलिस मुख्यालय, उत्तराखंड के निर्देशन में प्रदेशभर में गुमशुदा बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों की तलाश एवं सुरक्षित पुनर्वास के उद्देश्य से 01 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक ह्लऑपरेशन स्माइलह्व विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पौड़ी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के दिशा-निर्देशन में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, कोटद्वार द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप एक वर्ष से गुमशुदा महिला को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद से सकुशल बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार 29 जनवरी 2026 को ऑपरेशन स्माइल टीम द्वारा राजस्व क्षेत्र पैडुलस्यूं में पंजीकृत गुमशुदगी धारा 140(3) बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

इस संबंध में वादी अमित रावत द्वारा अपनी पत्नी सरिता देवी, निवासी पैडुलस्यूं, जनपद पौड़ी की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। महिला 17 अगस्त 2024 को अपने ससुराल परसुण्डाखाल से लापता हो गई थी। एएचटीयू टीम द्वारा सुरागरसी, पतारसी एवं सर्विलांस के आधार पर की गई त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप गुमशुदा महिला की उपस्थिति रघुनाथपुर डाकघर क्षेत्र, जनपद अमरोहा (उत्तर प्रदेश) में होने की पुष्टि हुई। इसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर महिला को सुरक्षित रूप से बरामद किया गया। बरामद महिला ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में दीपक शर्मा निवासी रघुनाथपुर, अमरोहा (उत्तर प्रदेश) के यहां रहकर उनके माता-पिता की सेवा कर रही है तथा स्वेच्छा से, सुरक्षित एवं संतोषजनक स्थिति में रह रही है। महिला ने बताया कि ससुराल में पति द्वारा आए दिन मारपीट किए जाने एवं निर्वाह हेतु आवश्यक खर्च न दिए जाने के कारण वह मानसिक रूप से परेशान थी, जिस कारण उसने स्वयं घर छोड़ने का निर्णय लिया।

महिला ने स्पष्ट किया कि वह फिलहाल अपने ससुराल वापस नहीं जाना चाहती है। उक्त संबंध में पुलिस द्वारा महिला के पति अमित रावत को समुचित रूप से अवगत कराते हुए नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

### कांग्रेसियों ने किया प्रर्दशन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

श्रीनगन गढ़वाल : जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग के कार्यकर्ताओं ने मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत तहसील मुख्यालय कीर्तिनगर में प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। शुक्रवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का झंडा लेकर नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सलोनी बलूनी मेरे कहने सुनने में नहीं है, वह गलत संगत में है। मैं अपनी पुत्री सलोनी बलूनी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। मेरी पुत्री सलोनी बलूनी द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं तथा मेरा परिवार किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।

**रमेश चन्द्र बलूनी पुत्र स्व. महेशानन्द बलूनी निवासी ग्राम भीमसिंहपुर, कण्वघाटी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
**(1569/21)**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में भाई का नाम अंकुश नेगी अंकित है, जबकि मेरे भाई का सही एवं वास्तविक नाम अर्जुन सिंह है जो कि उसके अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरे भाई का गलत नाम अंकुश नेगी के स्थान पर सही एवं वास्तविक नाम अर्जुन सिंह दर्ज किया जाय।

**आर्मी नंबर- 4102204 रैंक राईफलमैन दीपक नेगी पुत्र श्री किशन सिंह यूनिट 17वीं गढ़वाल, निवासी ग्राम कफल्डी, तहसील सतपुली, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
**(1570/21)**


# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एनएसएस शिविर शुरू

### स्वयं सेवियों को रक्तदान के लिए किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डैफोडिल पब्लिक स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ शुरू हुआ।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मालिनी वेले ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष योगंबर सिंह रावत, आधारशिला रक्तदान समूह के संस्थापक दलजीत सिंह, मंडलीय कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी, विद्यालय के अध्यक्ष अर्जुन बिष्ट, विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती नूतन बिष्ट, प्रबंधक शेखर उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि योगम्बर सिंह रावत ने स्वयं सेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का यह विशेष शिविर साथ रहकर समूह के रूप में कार्य करना सिखाता है, जिससे विद्यार्थियों के बीच सामाजिक एकता की भावना एवं चरित्र का निर्माण होता है। रक्त पुरुष दलजीत सिंह ने रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि एक व्यक्ति तीन लोगों की जान बचा सकता है।



उन्होने सभी स्वयं सेवकों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। मंडलीय कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर की प्रत्येक गतिविधि राष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर आरडी परेड, राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, साहसिक शिविर में प्रतिभाग करने का अवसर मिलता है, जिससे बच्चों के अंदर सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान के साथ ही राष्ट्र चेतना की भावना जागृत होती है। प्रधानाचार्य श्रीमती नूतन बिष्ट ने सभी स्वयं सेवियों से इस सात दिवस विशेष शिविर में चरित्र निर्माण और नशा मुक्त उत्तराखंड जागरुक कार्यक्रम चलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शंकर बहादुर ने किया। इस अवसर पर मिनाक्षी भंडारी, भास्कर नेगी, नरेश, स्वयं सेवी कार्तिक कंडवाल, दिवाकर जोशी, सार्थक नेगी, प्रत्युष, प्रिया नेगी, समीक्षा, मयंक, आर्यन रावत, आदित्य रावत, आयुष, अंश सुंद्रियाल, अमन गुसाई, शिवांशी रावत, नमी थलेड़ी आदि उपस्थित थे।

### भाकियू ने दी सीएम आवास घेरने की चेतावनी

देहरादून। भारतीय किसान यूनियन (क्रांति) ने किसानों को होने वाली समस्याओं को लेकर लक्सर के शिव चौक पर प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने 6 मांगों का ज्ञापन शासन को भेजा। इसमें चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो यूनियन किसानों समेत देहरादून कूच करके मुख्यमंत्री आवास पर धरना देगी। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास चौधरी के साथ शुक्रवार को काफी किसानों ने कस्बे के शिव चौक पर इकट्ठा होकर शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि किसान का हर स्तर पर शोषण किया जा रहा है। सरकार उन्हें लेकर जरा भी गंभीरता नहीं बरत रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने जवानों के साथ लगाई दौड़

रुद्रप्रयाग। रिजर्व पुलिस लाइन रतूड़ा में साप्ताहिक पुलिस परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने जवानों के साथ दौड़ भी लगाई। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के लिए शारीरिक फिटनेस केवल एक ड्यूटी नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। परेड के दूसरे सत्र में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने सामूहिक योगाभ्यास भी किया। परेड में पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल, पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुण्डीर, समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के प्रभारी सहित कुल 100 कार्मिक उपस्थित रहे। इसके बाद अमर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूकः जनपद पुलिस की ओर से चलाए जा रहे पुलिस आपके द्वार जन–जागरूकता अभियान के तहत थाना अगस्त्यमुनि पुलिस की ओर से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों के बारे में बताया। साथ ही वर्तमान डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के तरीके बताए। वहीं गुप्तकाशी के राजकीय इंटर कॉलेज ल्वारा में भी साइबर सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

### अधिक किराया वसूलने की शिकायत पर चालान

रुद्रप्रयाग। चोपता क्षेत्र में टैक्सी संचालकों की ओर से निर्धारित दरों से अधिक किराया वसूले जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल रावत तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह बिष्ट ने थानाध्यक्ष के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान कुल दस चालान किए गए। अधिक किराया वसूलने पर 2000 रुपये का और यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान कर छह हजार का जुर्माना वसूला गया। निरीक्षण के दौरान कई टैक्सी वाहनों की दर सूची, परमिट, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य अभिलेखों की जांच की गई। कुछ टैक्सी संचालकों की ओर से अधिक किराया वसूली की पुष्टि होने पर उन्हें कड़ी चेतावनी दी और चालान किया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान प्राइवेट वाहनों के पर्याप्त दस्तावेज, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट आदि न होने पर चालान किया गया। उप जिलाधिकारी अनिल रावत ने कहा कि चोपता प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटकों की सुविधा और विश्वास बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। यदि भविष्य में ऐसी शिकायतें मिलीं और यातायात नियमों का उल्लंघन किया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### स्थायी राजधानी के लिए आंदोलन कल

रुद्रप्रयाग। स्थायी राजधानी गैरसैंण बनाए जाने के लिए स्थायी राजधानी गैरसैंण समिति एक फरवरी को गुलाबराय मैदान में प्रदर्शन करेगी। यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में समिति के संयोजक व पूर्व आईएएस विनोद रतूड़ी ने इसकी कार्ययोजना बताई। उन्होंने कहा कि राज्य बने 25 साल हो गए हैं लेकिन अभी तक स्थायी राजधानी नहीं मिल पाई है। राज्य दो–दो अस्थायी राजधानियों का बोझ झेल रहा है।

पहाड़ में पहाड़ की राजधानी न बनने से उत्तराखंड राज्य की मूल अवधारणा फलीभूत नहीं हो पाई है। पलायन, बेरोजगारी अपने चरम पर है और जल जंगल जमीन के सवाल हाशिये पर हैं। वहीं समिति के अध्यक्ष ने कहा कि स्थायी राजधानी गैरसैंण समिति किसी भी राजनीतिक पार्टी से प्रेरित नहीं है और न ही यह राजनीतिक एजेंडा है।

### ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा अनुकूलन और एआई नवाचारों की जरूरत

देहरादून। उत्तरांचल विश्वविद्यालय में एएनआरएफ की ओर से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इन ग्रीन एनर्जी एंड कंप्यूटिंग विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा अनुकूलन और एआई आधारित नवाचारों को भविष्य के लिए आवश्यक बताया। उद्घाटन सत्र में विवि के कुलपति प्रो.धर्म बुद्धि ने विषय की वर्तमान समय में ऊर्जा अनुकूलन प्रक्रियाओं, दक्षता सुधार व एआई आधारित सिफारिशों की महत्ता बताई।

अनुसंधान एवं नवाचार के निदेशक प्रो. डॉ. राजेश सिंह ने ग्रीन एनर्जी और एआई के समन्वय के महत्व बताए। इस मौके पर प्रो. अनीता गहलोत, प्रो. रिचा कोठारी, प्रो. मनीष प्रतीक, डॉ. अमित अवस्थी, डॉ. सुषभान चौधरी, प्रो. अभिषेक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# कुमाल्डी न्याय पंचायत में आयोजित हुआ बहुउद्देश्यीय शिविर, 62 शिकायतें दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत विकासखंड रिखणीखाल की न्याय पंचायत कुमाल्डी में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय विधायक दिलीप रावत महंत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान स्थानीय विधायक दिलीप रावत ने सरकार की इस लोकहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आम जनता को सीधे सरकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपर सचिव, सहकारिता एवं ऊर्जा मेहरबान सिंह बिष्ट ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका शीघ्र, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके और शासन के प्रति विश्वास और अधिक



सुदृढ़ हो। नोडल अधिकारी/सहायक श्रमायुक्त कोटद्वार शैलेश सती ने बताया कि शिविर में घेरबाड़, सड़क, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, वन, गूल मरम्मत सहित विभिन्न प्रकार की कुल 62 समस्याएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण कर दिया गया है तथा शेष को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया है। शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से लगभग 205 ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया जबकि 15 ग्रामीणों के विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु आवेदन पत्र भरवाए गए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रिखणीखाल रेनू रावत, उप जिलाधिकारी शालिनी मौर्य, खंड विकास अधिकारी देवेश पंत, उप प्रभागीय अधिकारी रजत कपिल, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सुनील कोटनाला, क्षेत्र पंचायत सदस्य बसंती शाह, यशपाल सिंह, ग्राम प्रधान शांति देवी, सुनीता देवी, पूजा देवी, सिन्धु देवी आदि उपस्थित रहे।

### बहुउद्देश्यीय शिविर में 40 समस्याएं दर्ज, 63 प्रमाण पत्र के लिए हुए आवेदन

जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विकासखंड बीरोंखाल की न्याय पंचायत भरोली में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय लोगों ने 40 शिकायतें दर्ज कीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से 103 लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया जबकि 63 लोगों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु आवेदन पत्र भरे गए। शिविर की अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी कृष्णा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान होना चाहिए, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में समाज के अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंच सके। इस अवसर पर ज्येष्ठ उप प्रमुख कुलदीप नेगी, खंड विकास अधिकारी सुदर्शन सिंह बुटोला, सिंचाई अधिशासी अभियंता श्रीनगर सचिन शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी वर्षा भारद्वाज, एडीओ पंचायत राजेंद्र रावत, ग्राम प्रधान नौगांव ओमपाल सिंह बिष्ट सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने डीएम कार्यालय पर दिया धरना

रुद्रप्रयाग। मनरेगा के नाम में परिवर्तन और नए प्रावधानों के विरोध में कांग्रेस ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर धरना दिया। धरने पर जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने वीबीजीरामजी योजना लागू कर मनरेगा की मूल भावना के साथ खिलवाड़ किया है। केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत ने कहा कि मनरेगा में श्रमिकों को संवैधानिक गारंटी प्राप्त थी जिसके तहत 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित होता था। मगर जानबूझकर पुराने भुगतान रोके गए और मनरेगा एक्ट को खत्म कर नया प्रावधान लाया गया। इसने गरीबों के अधिकार छीने हैं, साथ ही इससे ग्रामीण बेरोजगारी बढ़ेगी और आय में भी कमी आएगी। जिलाध्यक्ष कुलदीप कंडारी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने योजनाओं का नाम बदलने के अलावा अब तक कुछ नहीं किया।

## भारत के सपने को साकार करने में प्रगति पोर्टल की अहम भूमिका : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को भारत सरकार के प्रगति पोर्टल विषय पर पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार (पीआईबी) देहरादून द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान राज्य में चल रही विभिन्न केंद्रीय परियोजनाओं के बारे में पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी।

वार्ता के दौरान धामी ने जानकारी दी कि परियोजनाओं, योजनाओं एवं जन शिकायतों की त्वरित समीक्षा एवं समाधान के लिए पोर्टल– प्रो एक्टिव एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन बनाया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विभिन्न योजनाएं जो देश के अंदर संचालित होती हैं उनकी समीक्षा के लिए प्रगति पोर्टल डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत लॉन्च किया गया था। प्रगति पोर्टल भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों की निगरानी करता है और पोर्टल में आई समस्याओं का समाधान भी करता है। जिसकी वजह से विकास की योजनाएं तेजी से धरातल पर उतरती हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि 2014 के बाद से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, रेलवे, आईटी, स्वास्थ्य सेवा, हवाई सेवा की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ी हैं।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा समय में उत्तराखंड में 3.50 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश वाली 42 परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है, इनमें से 1.22 लाख करोड़ रुपये के 15 हाई–वैल्यू प्रोजेक्ट्स का रिव्यू मैकेनिज्म के तहत किया जा रहा है। इनमें से अब तक 10 योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं और 32 परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।

## कांग्रेस व संगठनों ने नफरती ताकतों के खिलाफ लड़ने के लिए दृढ़ संकल्प किया

देहरादून। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस इंडिया गठबंधन एवं जन संगठनों ने नफरती ताकतों के खिलाफ लड़ने के लिए दृढ़ संकल्प किया। इस दौरान महात्मा गांधी को नमन कर श्रद्धांजलि दी गई। शुक्रवार को गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए व रामधन का भी सामूहिक गायन किया गया। इस दौरान राज्य व देश में नफरत फैलाने वाली ताकत के विरुद्ध खड़े होकर आंदोलन करने का भी निर्णय लिया गया। नफरत की विचारधारा फैलाने वाले सभी राजनीतिक दलों एवं संगठनों से लोहा लेने एवं गांधी के अहिंसा वे सत्य के रास्ते पर चलने के लिए दृढ़ संकल्प किया गया। सभा में उत्तराखंड में बढ़ती हुई नफरती हिंसा के उदाहरण जैसे कश्मीरी युवाओं पर हमले, उत्तर पूर्व के आदिवासी छात्र एंजेल चकमा की बर्बर हत्या, मसूरी में बुल्लेह की मजार पर तोड़फोड़, हर की पैड़ी, गंगोत्री और अन्य जगहों में गैर हिन्दुओं का प्रवेश वर्जित करने का प्रयास, कोटद्वार में दशकों पुरानी दुकान बाबा कटपीस सेंटर पर उत्पीड़न, इत्यादि पर चर्चा कर इन सब घटनाओं को असंवैधानिक एवं आपराधिक ठहराते हुए सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित हुआ।

## शहीद दिवस पर शहीदों के आश्रितों और वीर नारियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र, पौड़ी में विधिक जागरुकता एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में सिविल जज (सी.डि.)/सचिव, डालसा नाजिश कलीम ने देश की रक्षा में शहीद हुए चार सैनिकों के आश्रितों और वीर नारियों कांति देवी, छेला देवी, सुशीला देवी व कल्पेश्वरी देवी को नालसा वीर परिवार सहायता योजना-2025 के अंतर्गत शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर स्मृति चिह्न भेंट किए। इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों के आश्रितों, वीर नारियों एवं आमजन को उनके विधिक



अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी प्रदान की गई। सिविल जज (सी.डि.)/सचिव, डालसा नाजिश कलीम ने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, महिला, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं पूर्व सैनिकों से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए अमूल्य है। शहीदों के आश्रितों एवं वीर नारियों के सम्मान, संरक्षण और उनके विधिक अधिकारों की रक्षा हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मेजर (सेवानिवृत्त) करन सिंह रावत, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार, अध्यक्ष पूर्व सैनिक संगठन पौड़ी सूबेदार मेजर (सेवानिवृत्त) राजेंद्र सिंह राणा, संरक्षक पूर्व सैनिक संगठन कैप्टन (सेवानिवृत्त) सुरेंद्र सिंह राणा, पैनल अधिवक्ता कुसुम नेगी, जिला डीएलएमए अधिकार मित्र बबीता देवी, मनोज पाल आदि उपस्थित रहे।

# निबंध में वर्षा, अर्चना, अंकिता ने मारी बाजी

### राजकीय इंटर कॉलेज चोलोसैंण में अफसर बिटिया कार्यक्रम आयोजित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड पाबौ के राजकीय इंटर कॉलेज, चोलोसैंण में बाल विकास परियोजना अधिकारी चन्द्रकांता काला की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अफसर बिटिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मेरे सपने, मेरी उड़ान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वर्षा, अर्चना एवं अंकिता को प्रथम पुरस्कार, तनीषा, रितिका एवं श्रेया भंडारी को द्वितीय पुरस्कार, जबकि करिश्मा, रितिका एवं राधिका को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।



कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए गिरते लिंगानुपात की समस्या, भ्रूण हत्या रोकने तथा बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु शिक्षा की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) की केंद्र प्रशासिका लक्ष्मी रावत ने बालक-बालिकाओं को उनके अधिकारों, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध कानून सहित संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं सीएचसी पाबौ की चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली परेशानियों, पोषण संबंधी कमियों, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्रवक्ता भगवती प्रसाद ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए शिक्षा के महत्व पर बल दिया। इस मौके पर प्रवक्ता शशि शेखर ममगाईं सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्राएं उपस्थित रहे।

## अवैध खनन पर लगी रोक तो चार गुना बढ़ा राजस्व

### खनन से प्राप्त राजस्व से जन कल्याणकारी योजनाओं को मिली रफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : खनन गतिविधियों को लेकर सामान्य तौर पर लोगों में नकारात्मक अवधारणा रहती है। लेकिन उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खनन आवंटन और खनन परिवहन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के साथ ही अवैध खनन पर सख्ती दिखाई, इसी का नतीजा है कि डेढ़ साल से कम समय में सालाना खनन राजस्व 300 करोड़ से 1200 करोड़ के पार पहुंच गया है।

प्रदेश सरकार ने सितंबर 2024 को नई खनन नीति लागू की थी। नई खनन नीति में ई-नीलामी के जरिए खनन लॉट आवंटन, खनन गतिविधियों की सेटेलाइट निगरानी जैसे कई नए प्रयोग किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस-प्रशासन को भी अवैध खनन पर सख्ती दिखाने के निर्देश दिए। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

सितंबर 2024 से पहले राज्य को खनन से सिर्फ 300 करोड़ रुपए तक ही सालाना राजस्व प्राप्त हो पाता था, लेकिन अब यह राजस्व 1200 करोड़ के पार चला गया है। यही नहीं उत्तराखंड को खनन सुधार लागू करने के लिए देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त हो चुका है, जिसके फलस्वरूप केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना के अंतर्गत उत्तराखंड के लिए 200 करोड़ की विशेष सहायता स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आम लोगों को आवासीय या अन्य निर्माण के लिए खनन सामग्री की आवश्यकता होती है, साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भी खनन की आवश्यकता है।

इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि खनन पर्यावरण के मानकों के अनुसार हो, साथ ही इसके लिए पारदर्शी तंत्र विकसित किया गया। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इससे राजस्व में भी शानदार वृद्धि हुई है, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन हो रहा है।

**इन सुधारों से बदली तस्वीर**

ई-नीलामी के जरिए खनन लॉट आवंटन
अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई गई
खनन परिवहन के लिए माइनिंग सर्विलांस सिस्टम
खनन गतिविधियों की डिजिटल ट्रैकिंग और निरीक्षण

## लोकायुक्त को लेकर राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी का प्रदर्शन

देहरादून। उत्तराखंड में सशक्त और स्वतंत्र लोकायुक्त के गठन की लंबित मांग पूरी नहीं होने राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी (आरआरपी) ने रोष जताया। उन्होंने मांगों से संबंधित सीएम को प्रेषित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। शुक्रवार को राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद सेमवाल, प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना ईष्टवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने तहसीलदार सुरेश सेमवाल के माध्यम से ज्ञापन मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित किया। उन्होंने पार्टी ने राज्य सरकार से चुनावी वादों को तत्काल पूरा करने और लोकायुक्त की नियुक्ति करने की मांग की है। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। लोकायुक्त आंदोलन के संयोजक परमानंद बलोदी ने कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न चुनावी घोषणा–पत्रों में बार–बार सशक्त लोकायुक्त गठन का वादा किया है, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाया गया। हाईकोर्ट द्वारा भी सरकार को इस संबंध में कई निर्देश जारी किए गए, लेकिन उनकी अवहेलना की जा रही है।सुमन बडोनी ने आरोप लगाया कि लोकायुक्त के अभाव में भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि लोकायुक्त का गठन न केवल संवैधानिक आवश्यकता है, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी हथियार भी है।

## एडीएम ने एसटीपी तिलवाड़ा का किया निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। तिलवाड़ा में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता तथा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य संपादन की स्थिति का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि तिलवाड़ा क्षेत्र में सीवेज प्रबंधन की दृष्टि से यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण एवं बेहतर स्वच्छता व्यवस्था का लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत : एडीएम

### शहीद दिवस पर जिला, तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालयों में दी गयी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि व शहीद दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम में शहीद भारत की महान विभूतियों की स्मृति में जिला मुख्यालय सहित तहसील व ब्लॉक स्तर पर दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

जिला मुख्यालय स्थित जिला कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल सहित जिला कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन



रखकर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के शहीद केवल स्वतंत्रता संग्राम के नायक ही नहीं, बल्कि मानवता, सत्य और अहिंसा के प्रतीक थे। उनके विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सहिष्णुता और नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्तित्व के सिद्धांतों को अपने आचरण में अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले सभी शहीदों के त्याग को स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना हम सभी का दायित्व है। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम व राष्ट्रीय एकता पर शिक्षण संस्थानों में भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

# सीएम धामी ने की सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत रिवर प्रोटक्शन कार्य प्रगति की समीक्षा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत रिवर प्रोटक्शन कार्य एवं डीसिल्टिंग की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए सभी कार्य समय से कर दिए जाएं। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा जल संरक्षण, संवर्द्धन एवं संभरण योजनाओं के तहत चेक डैम निर्माण, रिचार्ज शॉफ्ट निर्माण एवं तालाब निर्माण किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा राज्य में 708 चेक डैम बनाये गये हैं। विभाग द्वारा ऊधम सिंह नगर, नैनीताल एवं हरिद्वार में कुल 419 रिचार्ज शॉफ्ट की स्थापना की गयी है। जिससे वार्षिक



लगभग 108.94 करोड़ लीटर ग्राउंड वाटर रीचार्ज हो सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि 09 वन प्रभागों में पेयजल विभाग व सारा के माध्यम से 14 जल स्रोतों के उपचार के लिए जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। कैम्पा योजना के अन्तर्गत विभिन्न वन प्रभागों में 247 जल धाराओं का उपचार किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने वन विभाग को वनाग्नि की रोकथाम के लिए अभी से पूरी तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वनाग्नि रोकथाम के लिए मानव संसाधन के साथ ही आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन पंचायतों और वन क्षेत्र के आस–पास के लोगों से विभाग का नियमित समन्वय बनाये रखें। वन संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित भी किया जाए, फायर लाइन की समय रहते सफाई की जाए। साथ ही वनभूमि पर होने वाले अतिक्रमण को भी प्राथमिकता पर हटाया जाए।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को ज़मीन पर उतारने में जुटा आवास विभाग

देहरादून। आवास विभाग, राज्य सम्पत्ति विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद से ही सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार विभागीय कार्यों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को ज़मीन पर उतारने और सरकारी कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से डॉ. राजेश कुमार ने आज सचिवालय परिसर स्थित निर्माणाधीन आधुनिक कार्यालय भवन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ एसएस रावत संयुक्त सचिव, राज्य संपत्ति, नीरज कुमार त्रिपाठी, अधिशाषी अभियंता लोकनिर्माण विभाग, संदीप वर्मा, अपर सहायक अभियंता सिविल, गाविंद सिंह, सहायक अभियंता विधुत सहित ठेकेदार शिव कुमार अग्रवाल मौजूद रहे। राज्य सम्पत्ति विभाग एवं निर्माण से जुड़े संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सचिव ने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय–सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा : राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन सचिवालय परिसर, देहरादून में विश्वकर्मी भवन के समीप 6 मंजिला (जी5 एवं एक बेसमेंट सहित) आधुनिक कार्यालय भवन का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह भवन राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के लिए आधुनिक, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक कार्यालय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com